सार-समाचार

योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन

कोटा, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिंधु यूथ सर्कल द्वारा योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अध्यक्ष हितेष दयानी ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर योग, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश ग्रहण किया। कार्यक्रम में योगाभ्यास, पावर योगा, जुम्बा, फिटनेस ड्रिल्स एवं फिटनेस गेम्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सभी गतिविधियों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्रशिक्षक रश्मि दासवानी एवं ज्योतिका चावला ने उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए योग एवं नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में 'प्रोग्राम डायरेक्टर दीपक राजानी, जितेश चावला, हितेश दासवानी, नरेश (बाबू), दीपक थदानी एवं दिनेश सुखेजा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष हितेष दयानी एवं सचिव नितिन सचदेव ने सभी सदस्यों, अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की आधारशिला है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। सिंधु यूथ सर्कल पिछले 13 वर्षों से समाज सेवा, युवा विकास एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से निरंतर समाजहित में कार्य कर रहा है।

ब्रह्माकुमारीज में सामूहिक योग एवं राजयोग का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कमला उद्यान, लैंडमार्क सिटी, में सामूहिक योगाभ्यास एवं राजयोग मेडिटेशन का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक हिमांशु मिश्रा ने सभी उपस्थित भाई-बहनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर नयापुरा सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने योग गुरु हिमांशु भाई का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। अपने प्रेरक उद्बोधन में कोटा संभाग प्रभारी उर्मिला दीदी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया केवल कहावत नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी मन एकाग्र होगा और हम परमात्मा का सच्चा स्मरण एवं ध्यान कर सकेंगे।

सुरेंद्र अग्रवाल अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

कोटा, (निसं)। सामाजिक सेवा और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सुरेंद्र अग्रवाल को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री मंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नत्थुराम जैन की सहमति से राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने नियुक्ति करते हुए बधाई दी। लोगों ने पुष्पहार पहनाकर सुरेंद्र अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। सुरेंद्र अग्रवाल लंबे समय से समाजहित के कार्यों, युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय योगदान देते रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद समाज के वरिष्ठजनों, युवा कार्यकताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुरेंद्र अग्रवाल को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन देशभर में युवाओं को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा।

विष्णु महायज्ञ का आयोजन शुरू

छबडा (निसं)। भुवाखेड़ी में स्थित खाटूश्याम गोशाला की पहाड़ी पर प्राचीन देवस्थल पर नवनिर्मित खाटूश्याम मंदिर पर होने धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यहां 22 से 24 जून तक चार दिवसीय खाटूश्याम बाबा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं 51 कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा।मन्दिर निर्माण और यज्ञ समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास धाकड़ और मन्दिर व्यवस्था ओर खाटूश्याम गोशाला समिति के अध्यक्ष रमेश धाकड़ सहित आयोजन से जुडे सदस्यों द्वारा विमानों के आगे जल का छिड़काव किया। हनुमान सिद्ध साधना आश्रम के संस्थापक एसएल नागर ने सभी धर्मप्रेमी एवं श्याम भक्तों से अधिकाधिक संख्या में मन्दिर परिसर में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

शोक संतृप्त परिवारों को ढांढ़स बंधाया

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने रविवार को छीपाबडौद के पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र जैन के पुत्र सावन की सगाई कार्यक्रम में शिरकत कर आर्शीवाद दिया एवं नीमथूर में गजानन्द मीणा की पुत्री रानी मीणा के यहां पहुंच नवयुगल को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात निपानिया में सुरेश नागर की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त कर शौक संतृप्त परिवारो को ढांढस बंधाया। इससे पूर्व विधायक सिंघवी ने भाजपा कार्यालय पर जनसुनवाई की। यहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

कोटा में चला आंधी और बरसात का दौर

कोटा, (निसं)। शहर में रविवार के दिन अगर अचानक आंधी और बरसात का दौर शुरू हो गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, दोपहर आते-आते पहले तेज वर्षा शुरू हुई और फिर तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बरसात का दौड़ शुरू हुआ। तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ धराशाई हो गए तथा सड़कों के डिवाईडर 9 पर लगे बोर्ड उखड़ गए। तेज बरसात के कारण शहर के नालों में भी पानी की आवक शुरू हो गई है।

योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है : मीणा

कोटा, (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को चिल्ड्रन टी.टी. कॉलेज, दादाबाड़ी एवं प्रशांति विद्या मंदिर, महावीर नगर-द्वितीय, कोटा में योगाभ्यास एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ संपूर्ण मानवता को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाने वाली अमूल्य परंपरा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा विचार सकारात्मक बने रहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ते मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना आवश्यक हो गया है। योग के विभिन्न स्वरूपों जैसे राजयोग, कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग एवं हठयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिल्ड्रन टी.टी.कॉलेज, दादाबाड़ी की प्राचार्य डॉ.अनामिका राठौर ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ एवं लचीला बनता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा रक्त संचार बेहतर होता है। योग तनाव, चिंता एवं अवसाद को कम करने के साथ-साथ एकाग्रता, आत्मविश्वास और मानसिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग स्वस्थ जीवन का प्रभावी माध्यम है।

समाजसेवी विवेक राजवंशी ने कहा कहा कि योग स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का आधार है तथा हमें इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। प्रशांति विद्या मंदिर की निदेशिका सावित्री विजय एवं प्राचार्य डॉ.जागृति तंवर ने कहा कि योग के महत्व को वैश्विक स्तर पर स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। तब से प्रत्येक वर्ष विश्वभर में यह दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक मनोहर लाल द्विवेदी एवं सुरेश गोयल तथा चिल्ड्रन टी.टी. कॉलेज की योग प्रशिक्षक प्रीति द्वारा सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रतिभागियों को योग के वैज्ञानिक महत्व एवं दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। उपस्थित जनों ने नियमित योग करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चिल्ड्रन टी.टी. कॉलेज, दादाबाड़ी की प्राचार्य डॉ. अनामिका राठोर, चिल्ड्रन टी.टी. कॉलेज के निदेशक एस.ए.खान, प्राचार्य चिल्ड्रन स्कूल रईस अहमद, भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान सी.एल.वर्मा , जिला मंत्री अशोक जैन जिला संगठन, मंत्री ममता कोठारी क्षेत्रीय प्रधान, केंद्र प्रमुख नीता पंत तथा दोनों संस्थानों के विद्यार्थी, कर्मचारीगण तथा आमजन ने बड़ी संख्या मे भाग लिया।

योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। बार एसोसिएशन के सभागार में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यनारायण व्यास की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन के सभागार में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में रेणु श्रीवास्तव, न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय क्रम-1, पवन कुमार अग्रवाल न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय क्रम-2, प्रशांत अग्रवाल, न्यायाधीश पोक्सो क्रम-5, अतिरिक्त नीलम शर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-5, रैना शर्मा, विशिष्ट न्यायाधीश रेन्ट अपील, अमित कुमार शर्मा विशिष्ट न्यायाधीश एस.सी./एस.टी.न्यायालय, नीरज मित्तल, कार्यवाहक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोटा, पुरवर्धन सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय एन.आई. एक्ट क्रम-2, तनवी सिंघल, न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय एन.आई. एक्ट क्रम-3, नीलम मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-4 दक्षिण सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष भरत सिंह अडसेला, सचिव शंभू सोनी, बार कार्यकारिणी के सदस्यगण तथा अन्य अधिवक्तागण सहित न्यायिक कर्मचारीगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

500 से अधिक योग साधकों ने सामूहिक अभ्यास किया

■ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति कोटा का भव्य आयोजन

कोटा, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति, कोटा द्वारा रविवार प्रातः आर.के.पुरम स्थित योग कक्षा परिसर में भव्य एवं प्रेरणादायी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक योग साधकों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कॉमन योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास किया।

पूरा वातावरण योग, अनुशासन, ऊर्जा और राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी अरविंद पांडे ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन जीने की श्रेष्ठ जीवनशैली है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति, कोटा के मुख्य संरक्षक ईश्वरलाल सैनी ने सभी योग साधकों, योग शिक्षकों, पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से सभी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अथक परिश्रम और समर्पण का ही परिणाम है कि आज का यह आयोजन अत्यंत सफल एवं भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से नियमित योग करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास लक्ष्मण सिंह सोलंकी एवं उर्मिला व्यास द्वारा अत्यंत प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से कराया गया। सभी योग साधकों ने पूर्ण अनुशासन एवं उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ भारत के संकल्प को सशक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित योग साधकों ने नियमित योग करने तथा अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का संकल्प लिया। आयोजन की सफलता पर सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों को बधाई दी गई।

री-नीट परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले विद्यार्थियों को आई समस्या

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने रविवार को री-नीट यूजी 2026 का आयोजित की है। परीक्षा को लेकर काफी सख्ती बरती गई। यहां तक कि पुलिस ने सघन तलाशी ली। नियमों की पालना के तहत ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। यहां तक कि विद्यार्थियों के चश्मे, स्लीपर को भी खुलवाकर देखा गया। बॉडी में एक्सीडेंट के बाद लगने वाली मैटेलिक रॉड और कानों में इयररिंग्स होने पर भी एंट्री से रोक दिया।

डेंटल ब्रेसेस पर भी दिक्कत आई। जेडीबी कॉलेज में एग्जाम देने पहुंचे मोहित के 10 साल पहले एक्सीडेंट के बाद हाथ में रॉड डल गई थी, कलाई में यह रॉड है। ऐसे में मेटल डिटेक्टर से कैच कर रही थी उसे एंट्री के पहले साइड में बिठा दिया गया था। करीब 1 घंटे बाद 12.30 बजे उसे एंट्री दी गई। बाराँ रोड स्थित बाल विद्यालय में परीक्षा देने पहुंची अंजलि के डेंटल ब्रेसेस होने पर आपत्ति जताई। उसे साईड में रोक दिया गया, बाद में एंट्री दी गई। कानों में

री-नीट एग्जाम की परीक्षा देने स्टूडेंट अपनी अपनी सहूलियत के हिसाब से पहुंचे।

बालियां भी बालिकाएं पहन के आ गई थीं उनको भी खुलवाया गया। पहले इन बालिकाओं को साईड में बिठा दिया था। बाद में अधिकारियों से अनुमति के बाद अंदर प्रवेश दिया गया है।

इस बार किसी भी तरह का कोई हेयर बैंड या सिर पर रबड़ के साथ प्रवेश नहीं दिया गया। अगर किसी बच्चे के स्लीपर में भी मेटल का कोई आइटम है तो उसे खुलवाया गया और नंगे पैर ही उन्हें एंट्री दी गई। टी-शर्ट में भी किसी तरह के कोई बड़े बटन होने पर खुलवाया गया। बड़ी संख्या में कोटा शहर में विद्यार्थियों के पेपर था। 92 परीक्षा केंद्र यहां पर बनाए गए, जिनमें भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। परीक्षा केंद्र के नजदीक किसी भी तरह की कोई शॉप को नहीं खोलना दिया गया।

लोगों को एकत्रित भी नहीं होने दिया गया। पेरेंट्स को भी परीक्षा केंद्र से दूर ही बैठाया गया। शहर में कई जगह पर परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के लिए टेंट की व्यवस्था भी की गई ताकि विद्यार्थी वहां पर वेटिंग एरिया में बैठकर कुछ देर पढ़ सकें। सुबह 11.00 से एंट्री शुरू हो गई थी और ज्यादातर बच्चे 12.30 के आसपास पहुंचे हैं। दोपहर 1.30 तक एंट्री यहां पर मिलनी है और लंबी कतार परीक्षा केंद्र के बाहर 12.30 बजे के आसपास देखी गई है। उसके पहले कम बच्चे ही अंदर जा रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती। कोटा जिला कलेक्टर पियूष समारिया और शहर एसपी तेजस्विनी गौतम शहर के दौरे पर रहे। वह बार-बार अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर जाकर जायजा ले रहे थे।

पिता दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ में विशेष बाल संस्कार शाला का आयोजन

रामगंजमंडी, (निसं)। गायत्री परिवार की युवा शाखा दिया (डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन) द्वारा विश्व योग दिवस, विश्व संगीत दिवस एवं पिता दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में विशेष बाल संस्कार शाला का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने योग, संगीत, भजन, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ, जिसमें योग शिक्षिका ऋषिता जैन के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न योगासन, हठयोग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया। विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को संगीत के महत्व से परिचित कराया गया तथा भजन, लोकगीत एवं प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। प्रशिक्षकों ने बच्चों को योग, संगीत एवं संस्कारों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि बाल संस्कार शाला का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना है। अंत में दिया के प्रभारी आशीष पोरवाल, पंकज काला, गौतम सेठिया, अजय गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सभी प्रशिक्षकों, सहयोगियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागी बच्चों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

योग शिक्षिका की विशेष प्रस्तुतियों ने समां बांधा

रामगंजमंडी (निसं)। विश्व योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित विशेष योग शिविर का समापन उत्साह, उमंग एवं प्रेरणादायी वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

शिविर में बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका ऋषिता जैन ने प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की एक उत्कृष्ट जीवनशैली है। इस अवसर पर ऋषिता जैन द्वारा विशेष योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। वहीं रे मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों ने हठ योग का आकर्षक एवं अनुशासित प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न योग मुद्राएं एवं संतुलन आधारित आसनों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। शिविर के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर निरोगी एवं स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया।

बच्चों ने भी पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया, जिससे पूरे परिसर में ऊर्जा, सकारात्मकता एवं स्वास्थ्य चेतना का वातावरण बना रहा। गायत्री परिवार एवं आरोग्य भारती के कार्यकर्ताओं ने सभी प्रशिक्षकों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।

अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में 1008 आम की गुठलियों की बुवाई हुई

कोटा, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रकृति प्रेम का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 8 वर्षीय लक्ष्य अग्रवाल (बाल पर्यावरण प्रहरी) द्वारा संचालित मिशन एक हजार आठ आम के पेड़ का दूसरा चरण रविवार को अबेड़ा बायोलॉजिकल पार्क, कोटा में 1008 आम की गुठलियों की बुवाई के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। उल्लेखनीय है कि लक्ष्य ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को इस मिशन की शुरुआत की थी। उसने संकल्प लिया कि कचरे में फेंकी जाने वाली आम की गुठलियों को एकत्रित कर उन्हें भविष्य के वृक्षों में परिवर्तित करने का प्रयास करेगा।

अपने इस संकल्प को साकार करते हुए लक्ष्य ने मात्र 12 दिनों में 1008 आम की गुठलियाँ एकत्रित कीं। वह स्वयं गुठलियों को एकत्रित करता, साफ

■ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

कोटा में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रकृति प्रेम का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 8 वर्षीय लक्ष्य अग्रवाल द्वारा संचालित 1008 आम की गुठलियों की बुवाई की गई है।

करता, धोता, सुखाता और सुरक्षित रखता रहा। आज उन्हीं गुठलियों की बुवाई के साथ मिशन का दूसरा चरण भी सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। यह कार्यक्रम वन विभाग, कोटा के डीएफओ अनुराग भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बुधराम जाट, मनोज शर्मा, आर.पी.पंचोली, योगेंद्र सिंह, संजय वरगीस, प्रणव खींची, योगेश, गुरुचरण, नमन शर्मा, रेखा पंचोली, पंकज शर्मा सहित अनेक वन मित्रों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता कर नन्हे लक्ष्य का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लक्ष्य के पिता अंकित अग्रवाल, माता सुनीता अग्रवाल, दादी चंद्रकला देवी तथा बड़े भाई भव्य अग्रवाल भी उपस्थित रहे और इस विशेष अवसर के साक्षी बने।

नन्हे लक्ष्य का मानना है कि एक गुठली केवल बीज नहीं, बल्कि भविष्य की हरियाली, स्वच्छ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उसका यह प्रयास समाज को यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए उम्र नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है।

एक गुठली से एक पेड़, एक पेड़ से हरियाली का भविष्य-इसी संदेश के साथ लक्ष्य का यह अभियान बच्चों और बड़ों सभी को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है।

ब्राह्मण कल्याण परिषद ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि दी

कोटा में ब्राह्मण कल्याण परिषद ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि दी है।

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद, कोटा द्वारा बिहार के आरा जिले में हुई भरत भूषण तिवारी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए तुलसी माता मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

परिषद पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में वक्ताओं ने कहा कि भरत भूषण तिवारी अपने क्षेत्र एवं समाज की विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन के समक्ष संघर्षरत थे।

परिषद के पदाधिकारियों ने घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि न्याय सुनिश्चित होना चाहिए तथा पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए।

ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी ने कहा कि परिषद दिवंगत भरत भूषण तिवारी के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग करती है।

श्रद्धांजलि सभा में शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, क्रांति तिवारी, अरुण भार्गव, मोहित गौतम, शालिनी गौतम, महामंत्री मनोज शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, राकेश शर्मा, एस.एन. शर्मा, विष्णुकांत शर्मा, बुद्धि प्रकाश दाधीच, चिराग भार्गव, नरेंद्र शर्मा, अशोक मिश्रा, राजेश शर्मा, सुदामा शर्मा, विनोद शर्मा, पीयूष शर्मा, विनीत बाजपेयी, हरीश शर्मा, हर्ष शर्मा एवं मनीष गुर्जर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2026/855 दिनांक-19.6.26

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 191 श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 567 दिनांक 09.01.2023 को श्री सुनील पुत्र श्री सुन्दर के नाम आवंटन किया गया था। श्री सुनील पुत्र श्री सुन्दर द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री कृष्ण कान्त पुत्र श्री राम प्रसाद द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2026 को श्री भगवान प्रसाद पुत्र श्री राम प्रसाद को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री भगवान प्रसाद पुत्र श्री राम प्रसाद द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 191 श्रीनाथपुरम-डी व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्री भगवान प्रसाद पुत्र श्री राम प्रसाद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-536 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना** दिनांक-19.6.26

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-44 डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आवासीय योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-62 दिनांक 09.02.2016 द्वारा श्री शैलेन्द्र सिंह राजावत पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह राजावत को आवंटन किया गया था। अवंटी श्री शैलेन्द्र सिंह राजावत पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह राजावत द्वारा उक्त भूखंण्ड/आवास को जर्ये मुख्तारनाम आम दिनांक 12.02.2026 श्री भगवान दास मीना पुत्र श्री किशन लाल मीना को विक्रय कर दिया गया था। क्रेता द्वारा भी उक्त भूखण्ड को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2026 श्रीमती हयातुन निशा पत्नी श्री शाहिद हुसैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंण्ड/आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या-44 योजना डॉ ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्रीमती हयातुन निशा पत्नी श्री शाहिद हुसैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/जोन-3 व 4/भ.नि.अनु./2026/34 दिनांक-19.6.26

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमंग आलेक सक्सेना पुत्र स्वः श्री बृजनाथ सक्सेना निवासीः- 325 भाटापाड़ा रामपुरा कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा में भूखण्ड संख्या-576 दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. कोटा (राज.) का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या-576 दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच कोटा मूल भूखण्ड क्षेत्रफल-1800 वर्गफुट है। उक्त भूखण्ड का कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा के कार्यालय नगर विकास न्यास के पत्र क्रमांक एफ 1(3) क म/विकास/60/608 दिनांक 14.02.1962 से श्री बृजनाथ सक्सेना पुत्र श्री उमा नाथ को आवंटन किया गया है। श्री बृजनाथ सक्सेना की मृत्यु दिनांक 04.02.1986 को हो चुकी है। उनकी पत्नी श्रीमती भगवती देवी की मृत्यु दिनांक 07.03.2019 को हो चुकी है। दोनों की मृत्यु उपरांत उनके एकमात्र विधिक वारिसान श्री उमंग आलोक सक्सेना पुत्र स्वः श्री बृजनाथ सक्सेना है। श्री उमंग आलेक सक्सेना पुत्र स्वः श्री बृजनाथ सक्सेना निवासी-325 भाटापाड़ा रामपुरा कोटा के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा